हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025



घुमका खरीदी केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी के घर से भी 40 कट्टा जब्त

## कोचियों पर एक्शन: सवा करोड़ का साढ़े तीन हजार क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी के पहले खरीदी केंद्रों में पड़ोसी राज्यों का धान खपाने की जुगत में लगे कोचियों को इस बार तगड़ा झटका लग रहा है। जिला प्रशासन द्वारा तगड़ी नाकेबंदी किए जाने के चलते शुक्रवार को 57 लाख रुपए का अवैध धान जब्त किया गया है। धान खरीदी शुरू होने के बाद प्रशासन ने अभी तक सवा करोड़ रुपए का धान जब्त कर लिया है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में बड़े पैमाने पर अवैध धान की खपत करने कोचिये सक्रिय रहते हैं। महाराष्ट्र का सीमावर्ती जिला होने के चलते बॉर्डर क्षेत्र में अवैध धान की बिक्री होती है। इस क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों को प्रतिवर्ष संवेदनशील खरीदी केन्द्रों की श्रेणी में भी रखा जाता है। इसके बावजूद कोचिये सक्रिय नजर आते हैं। इस वर्ष अवैध धान को रोकने के लिए राजनांदगांव कलेक्टर जितेंद्र यादव स्वयं मॉनिटरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। वह धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जिसकी वजह से प्रशासनिक अमला भी मुस्तैद है। 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद बीते एक सप्ताह के भीतर ही 55 लाख से अधिक का लगभग 1804 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है। वहीं आज प्रशासनिक अमले ने नौ प्रकरणों में 4620 बोरों में 1848 क्विंटल धान जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 57 लाख 28 हजार रुपए है।

### जिले के सभी केंद्रों में बोहनी, अब तक 123 करोड़ की खरीदी

अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब धान खरीदी रफ्तार पकड़ने लगी है। शुक्रवार तक अविभाजित जिले में किसानों से 123 करोड़ रुपए का धान खरीदा जा चुका है। ज्ञात हो कि यह केवल समर्थन मूल्य की राशि है। अंतर की राशि किसानों को सीधे जारी की जाती है।

वहीं राजनांदगांव जिले के सभी 96 धान खरीदी केंद्रों में बोहनी का काम कर लिया गया है। हालांकि शुरूआती दो से तीन दिनों में रफ्तार सुस्त थी। जिसके चलते आधे केंद्रों को बोहनी का इंतजार था, परन्तु पिछले तीन दिनों से खरीदी ने पकड़ी रफ्तार के बाद अब सभी केंद्र में आवक तेज हो गई है। समितियों से मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह दो गुना धान बिकने के लिए केंद्रों तक पहुंचने की संभावना है। जिसको देखते हुए ही बारदाना एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है।



#### हड़ताल छोड़ लौट रहे समिति प्रबंधक

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर तीन नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समिति प्रबंधक भी अब बीते दो दिनों से काम पर लौटने लगे हैं। हालांकि संगठन हड़ताल जारी रहने की बात कह रहा है, लेकिन जिले में अधिकांश समितियों में प्रभारी लौट आए हैं। वहीं कवर्धा, मोहला-मानुपर और खैरागढ़ जिले में शत-प्रतिशत प्रबंधक वापस काम पर आ चुके हैं।

**घुमका में भी पकड़ाया धान:** प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच गुरुवार को जिले के घुमका इलाके में भी नोहेंद्र वर्मा के घर से 40 कट्टा धान जब्त किया गया है। बड़ी बात यह है कि नोहेंद्र वर्मा घुमका सहकारी समिति में प्रधिकृत अधिकारी है। वहीं समिति प्रबंधकों की हड़ताल के दौरान धान खरीदी केंद्र में सक्रीय भी था। ऐसे में उसके घर से अवैध धान जब्त होना बड़ा सवाल खड़ा करता है।

#### साढ़े तीन हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

अवैध धान के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई में अब तक 9130 बोरों में एक करोड़ 13 लाख रुपए कीमत के 9130 क्विंटल धान जब्त करने में सफलता मिली है। इस आंकड़े से ही समझा जा सकता है कि सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध धान खपाने कोचिये किस कदर सक्रिय रहते हैं।

#### कार्रवाई से कोचियों में हड़कंप

धान खरीदी केन्द्रों में आने वाले अवैध धान को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से निगरानी की जा रही है। जिले के महाराष्ट्र सीमावर्ती बोरतालाब, पाटेकोहरा और कल्लूबंजारी में 24 घंटे निगरानी हो रही है। इधर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से धान कोचियों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### जारी रहेगी कार्रवाई



सीमावर्ती इलाकों में तगड़ी नाकेबंदी की गई है। इसके अलावा कई जगह छापेमारी कार्रवाई कर बाहरी राज्यों के अवैध धान को जब्त किया जा रहा है। कोचियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक सवा करोड़ रुपए का धान जब्त कर लिया गया है।

- **जितेन्द्र यादव**, कलेक्टर

## 12 दिसंबर से 9वीं-12वीं की परीक्षा
## जिला स्तर पर तैयार होगा प्रश्न-पत्र

### विनेबा एप में दर्ज होगा बच्चों का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में 9वीं से 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई है। जिला शिक्षा विभाग इन सभी चार कक्षा की जिला स्तर पर परीक्षा का आयोजन एक साथ करने जा रहा है। जिसके लिए विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र जिला स्तर से ही किया जाएगा। 12 दिसंबर से यह परीक्षा शुरू होगी। जिसका समापन 20 दिसंबर को होगा। वहीं 30 दिसंबर से पहले परीक्षा के परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। खास बात यह है कि आत्मानंद स्कूलों में भी इस बार एक साथ परीक्षा होगी।



उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा विभाग परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए कई प्रयास कर रहा है। हाल ही में इस संबंध में सभी बैठक का आयोजन की गई थी। वहीं जारी आदेश में समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार 12 दिसंबर को 9वीं की गणित, 10वीं की विज्ञान, 11वीं की राजनीति विज्ञान-रसायन शास्त्र और 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा है। ऐसे ही 13 दिसंबर को 9वीं की विज्ञान, 10वीं की संस्कृत, 11वीं की अंग्रेजी और 12वीं की हिन्दी परीक्षा है। 15 दिसंबर को 9वीं की हिंदी, 10वीं की गणित, 11वीं की भूगोल-भौतिक शास्त्र और 12वीं की राजनीति विज्ञान-रसायन शास्त्र परीक्षा है। 16 दिसंबर को 9वीं की अंग्रेजी, 10वीं की हिन्दी, 11वीं की टेली कम्युनिकेशन और 12वीं की भूगोल-भौतिक शास्त्र परीक्षा है। 17 दिसंबर को 9वीं की संस्कृत, 10वीं की सामाजिक विज्ञान, 11वीं की गणित-इतिहास और 12वीं की जीवविज्ञान-अर्थशास्त्र परीक्षा है। 19 दिसंबर को 9वीं की सामाजिक विज्ञान, 10वीं की अंग्रेजी, 11वीं की हिन्दी और 12वीं की टेली कम्युनिकेशन परीक्षा है। 20 दिसंबर को 11वीं की जीव विज्ञान-अर्थशास्त्र और 12वीं की गणित-इतिहास की परीक्षा है।

#### ऑनलाइन चल रही क्लासेस

ऑनलाइन क्लासेस में जिले के सभी 166 हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षक एवं स्कूलों के बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र जो कक्षा 10वीं और 12वीं में अध्ययनरत हैं, उनके लिए कार्ययोजना बनाकर ऑनलाइन क्लासेस का संचालन किया जा रहा है। इस ऑनलाइन क्लास में जिले के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ब्लूप्रिंट पर आधारित एवं गत वर्षों के प्रश्न पत्र पर आधारित प्रश्नों एवं कठिन टॉपिक को लेकर ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी जा रही है।

#### ब्लू प्रिंट के अनुसार बनेगा प्रश्न पत्र

जारी आदेश में कहा गया है कि 30 दिसंबर तक परीक्षा परिणाम तैयार कर विनेबा एप में दर्ज करने कहा गया है। कृषि एवं व्यासायिक पाठ्यक्रम के प्रश्न पत्र शाला स्तर पर तैयार किए जाएंगे, शेष सभी प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार होंगे। जिले की सभी सरकारी स्कूल जिनमें आत्मानंद को भी शामिल किया गया है, उनमें परीक्षा एक साथ आयोजित होगी। हालांकि हिन्दी एवं अंग्रेजी के माध्यम के प्रश्न पत्र और समय अलग रहेंगे।

## धोखाधड़ी से बचाव, मीडिया सुरक्षा के बताए गए उपाय

**राजनांदगांव।** श्रीराम कॉलेज राजनांदगांव में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नए कानून और यातायात जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा, आत्मरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी धोखाधड़ी से बचाव और सोशल मीडिया सुरक्षा के उपाय बताए गए।

पुलिस के अनुसार 19 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक शारदा बंजारे एवं यातायात से उप निरीक्षक अनिल तिवारी द्वारा श्रीराम कॉलेज राजनांदगांव में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नए कानून और यातायात जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू, पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी, धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*

1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पहले चरण में मैदान समतल किया जा रहा है। तैयारी में लक्की गुप्ता, बाबा खान, तोरण लाटिया, शत्रु निषाद, देव ठाकुर, हबीब खान, सेंटी आदि जुटे हैं। आगामी एक दिसंबर को प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा।

### सीजी पीएससी के टॉपर देवेश का स्वागत



**तुमडीबोड़।** छत्तीसगढ पीएससी में धनोरा निवासी देवेश साहू ने प्रथम रैंक हासिल किया है। जब परिणाम घोषित हुआ तब देवेश ग्राम के प्रवास पर थे। ग्राम में उनकी बहन भूमिका साहू कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ है। उनके प्रवास की जानकारी मिलने पर तहसील साहू संघ के संरक्षक अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, थानूराम साहू, राजेश साहू, दीपक साहू, डोमेश्वर साहू, ढालदास साहू, भुनेश्वर देवांगन, समीर शेख ने मुलाकात कर सफलता के लिए बधाई दी। विदित हो कि देवेश साहू धनोरा निवासी होलधर प्रसाद साहू के सुपुत्र है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बीएसपी स्कूल भिलाई में हुई। मेकनिकल इंजिनियरिंग की पढ़ाई शासकीय इंजिनियरिंग कालेज जगदलपुर से किया, तत्पश्चात वह पीएससी की तैयारी कर रहे थे। चौथे प्रयास में उन्होने प्रथम रैंक हासिल किया।

### नचनिया में धान खरीदी प्रारंभ



**साल्हेवारा।** सेवा सहकारी समिति नचनिया में बुधवार को धान खरीदी की शुरुआत हुई। मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, सोसायटी अध्यक्ष ललित सोनी ने मां अन्नपूर्णा एवं तराजू की पूजन अर्चन कर राकेश वर्मा से खरीदी की शुरुआत की। नचनिया उपार्जन केंद्र में लगभग 22 सौ किसान पंजीकृत है। बुधवार के लिए 21 किसानो ने आनलाइन टोकन लिए थे, लेकिन 16 किसान ही बेचने उपार्जन केंद्र पहुंचें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी जेएस मेरावी, पटवारी राजेंद्र साहू, मनराखन डेहरिया,रामलाल जंघेल, विक्की, कमलेश वर्मा, घसियाराम, सालिकराम, सुखन साहू, भुवन नायक, रामकुमार चौरे, चंद्रेश पटेल, सुरेश सहिंत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## निधन

### रूपराम साहू

**जेवरतला रोड।** ग्राम औरी निवासी रूपराम साहू का उम्र 70 वर्ष की उम्र में गत 20 नवंबर को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे पत्नी अमिताबाई साहू, पुत्र संदीप साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### जिवराखनलाल साहू

**जेवरतला रोड।** औरी निवासी जिवराखान लाल साहू उम्र 75 वर्ष का गत 20 नवंबर को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे पुत्र नोमलाल साहू, गुलाब साहू, भुनेश्वर साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



# पान उत्पाद तैयार कर अपने पैरों पर खड़ी हुई समूह की महिलाएं

## राज्योत्सव में कर चुकी हुनर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जय मां बम्लेश्वरी महिला स्व सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत उदाहरण बनकर उभरा है। इस समूह ने पान आधारित उत्पादों के नवाचार और विपणन के जरिए न सिर्फ अपनी पहचान बनाई है, बल्कि क्षेत्र में महिला उद्यमिता को नई दिशा दी है। पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान को भी इन उपलब्धियों के लिए व्यापक सराहना मिल रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में खैरागढ़ और रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में समूह की महिलाओं ने पान रिफ्रेश, पान लड्डू, पान हर्बल टी और पान चॉकलेट जैसे आकर्षक उत्पादों की बिक्री किया था जिससे उन्हे 22 हजार से अधिक की आय अर्जित हुई थी। यह सफलता महिलाओं की मेहनत, प्रशिक्षण और टीमवर्क का प्रमाण है।

### कलेक्टर का मिला मार्गदर्शन

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल तथा जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में समूह को आधुनिक व आकर्षक पैकेजिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान के विशेषज्ञ डॉ बीएस असाटी, डॉ खुशबू टंडन ने समूह की महिलाओं को सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।



### एकजुटता से सफलता

समूह की आशा महोबिया, तृप्ति वैष्णव बताती हैं कि पान आधारित उत्पादों से होने वाली आमदनी से परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। महिलाओं की सफलता से प्रेरित होकर अन्य महिलाएँ भी प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने उत्साहित हैं।

### जनप्रतिनिधियों का सहयोग

उत्तम पान की उपलब्धता, संरक्षण और बाजार तक पहुंच को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तकनीकी सहयोग से दूर किया गया। पान की खेती बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधि सज्जाक खान, संजय महोबिया, पार्तिका महोबिया तथा उद्यानिकी विभाग खैरागढ़ ने किसानों को बरेजा निर्माण, पान संवर्धन के लिए लगातार प्रेरित किया। उत्पादों की गुणवत्ता, ताजगी और पैकेजिंग को उपभोक्ताओं से मिली सराहना ने महिलाओं के उत्साह में और वृद्धि हुई है। बढ़ती मांग को देखते हुए जिला प्रशासन जल्द ही छुईखदान में पान कैफ़े शुरू करने की तैयारी में है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने 13 अगस्त के जिले के प्रवास के दौरान की थी।

## समिति प्रबंधकों और आपरेटरों की हड़ताल समाप्त

# सहकारी समितियों के कर्मचारी काम पर लौटे, धान खरीदी में आएगी तेजी

## कर्मचारियों के लौटने से किसानों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी शुरू होने के पांच दिन बाद शुक्रवार को सभी उपार्जन केन्द्रों के हड़ताली समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं अन्य कर्माचारी काम पर लौट आए। आंदोलन समाप्त होने पर किसानों ने राहत की सांस लिया। आंदोलन के चलते केन्द्रों में धान खरीदी की गति काफी धीमी थी। टोकन पाने से लेकर भुगतान तक किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी बढ़ गई थी। अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को विधिवत कामकाज सौंपा गया। केन्द्र के वर्तमान प्रभारियों ने शुक्रवार तक की हुई धान खरीदी की जानकारी तथा आवक जावक की रिपोर्ट प्रबंधक को सौंपा। अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी सोमवार से उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ जाएगी। इधर धान कटाई मिजाई कार्य में तेजी आ गई है।



### चावल वितरण शुरू

सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से हितग्राहियों को मिलने वाला चावल, शक्कर, नमक का वितरण रूका हुआ था जो शुक्रवार से शुरू हो गया है। चालू माह का चावल नहीं मिलने से बहुत से गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ गई थी। इधर सोसायटी से किसानों को खरीफ फसल बोआई के लिए चना, गेहूं व खाद का वितरण किया जा रहा है।

### साफ धान लाने की अपील

क्षेत्र के कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव में किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। प्रभारी एवं समिति प्रबंधकों ने किसानों से साफ एवं सुखाकर धान लाने के अपील की है ताकि नियमानुसार खरीदी हो सके और किसानों को परेशानी का सामना करना न पड़े। टोकन को लेकर किसानों ने बताया कि आनलाईन टोकन की लिमिट बढ़ाया जाना चाहिए। अब धान की आवक बढ़ने वाली है एप्स से टोकन पाना मुश्किल हो जाता है। आनलाईन टोकन का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक का होता है किन्तु 8 बजने के चंद मिनट बाद ही लिमिट समाप्त हो जाती है। लिमिट सीमित तथा सर्वर कमजोर होने से बहुत से किसानों को टोकन पाने में बहुत परेशानी हो रही है। वही समिति से भी टोकन जारी होने की लिमिट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# लापरवाह शिक्षकों को बीईओ ने थमाई नोटिस

## बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला खादी, प्राथमिक शाला पोड़ी, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला भाजीडोंगरी एवं बालक छात्रावास का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षक डायरी संधारित नही करने वाले शिक्षकों, प्रार्थना समय पर अनुपस्थित, अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर अपडेट नहीं तथा कर्तव्य का निर्वहन नही करने वाले प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जाति प्रमाण पत्र समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित प्रधान पाठकों से जाति प्रमाण पत्र पंजी एवं निर्धारित प्रारूप में जानकारी लिया गया। पूर्व माध्यमिक शाला नचनिया में शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनने पर प्रधान पाठक का र स्वागत किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला गोलरडीह के प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा जाति प्रमाण पत्र की जानकारी नहीं देने पर बीईओ ने शिक्षक को रवैया में सुधार लाने की हिदायत दी। बैठक में अपार आईडी, शैक्षिक गुणवत्ता, पोर्टल में लंबित अवकाश, शिक्षकों की उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सेजेस प्राचार्य विनित दास, बहादुर सिंह खुशरो आदि उपस्थित थे।

# पढ़ाई के लिए 3 किमी का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गांव गांव शिक्षण सुविधा के दावों के बीच ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम खम्हेरा के छोटे बच्चों को माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए करीब 3 किमी दूरी तय करना पड़ रहा है। यहां के बच्चे ठंड, बारिश और गर्मी के बीच पढ़ने तिलईरवार जाते हैं।बच्चों की परेशानी को देखते हुए ग्राम में सालों से मिडिल स्कूल खोलने की मांग की जा रही है जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले खम्हेरा के करीब 100 छात्र छात्राएं मिडिल स्तर की पढ़ाई के लिए करीब 3 किमी दूर स्थित ग्राम तिलईरवार जाते है। इन बच्चों को हर सीजन में परेशान होना पड़ता है। बच्चे ठंड और बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तिलईरवार स्कूल में भी करीब 350 के आसपास बच्चे होने से बैठक व्यवस्था नहीं बन पाती है साथ ही अन्य परेशानियां भी होती है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए ग्रामीण काफी समय से खम्हेरा में मिडिल स्कूल खोलने की मांग कर रहे हैं किन्तु अब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने खम्हेरा में मिडिल स्कूल खोलने की मांग को शीघ्र ही प्रभारी और स्कूल शिक्षा मंत्री जेन्द्र यादव के समक्ष रखने की बात कही है।

# एसआईआर पर युकां प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश युवक कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया जिले के दौरे पर पहुंचे। उनके साथ सह-प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे भी मौजूद रही। दौरे के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने एसआईआर को लेकर संगठन को मजबूत करने तथा हर बूथ तक पहुंचकर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।जिसमें जिले के हर बूथ में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सजगता के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। इनके साथ प्रदेश युवक कांग्रेस के नेता अनूप वर्मा, अपराजित तिवारी, विकास तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता और सामूहिक संगठन शक्ति का संदेश देते हुए बूथ स्तर पर मजबूती लाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने युवाओं को विभिन्न बूथों में जिम्मेदारी देकर सक्रिय रूप से जोड़ने का कार्य किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में युवक कांग्रेस बूथ स्तर पर और अधिक मजबूती के साथ काम करेगी। अगले महीने दिल्ली में होने कार्यक्रम की तैयारी भी की गई। कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास, हेमंत वैष्णव, सज्जाक खान, राजू सिंह, लालू महोबिया, अनिमेष महोबिया, नित्यशरण सिंह, अनुराग सोनी, अमन सोनी सहित जिला युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्थानांतरित प्रभारी प्राचार्य को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



हाईस्कूल संड़ी में प्रभारी प्राचार्य संतोष नेताम का युक्तियुक्तिकरण के तहत खैरबना विद्यालय में स्थानांतरण हो गया है। शाला परिवार ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे विदाई दिया। उन्होंने संड़ी हाईस्कूल में 13 वर्षों तक अपनी सेवा दी है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महिला बाल विकास विभाग की सभापति ज्योति जंघेल, प्रधान पाठक पी जंघेल, व्याख्याता डीडी मांडले एवं प्रभारी प्राचार्य संतोष नेताम मौजूद थे। उन्होंने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। इस अवसर पर महेन्द्र चौरे, धनेश्वरी वर्मा, माधुरी जंघेल, जमुना जंघेल, झरना वर्मा, पीएल साहु, गौतम जंघेल, सोहनदास मांडले, भूषणलाल साहु, शिवांगी पसीने, जया परिहार, दोदेशवर चंदेल, उज्जवल नामदेव, ममता ठाकुर, अर्चना श्रीवास्तव, रविकांत चंदेल, विजय वर्मा आदि शामिल हुए। संचालन प्रीतिबाला ने किया।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि सेमकान से 7 आंशिक क्षति होने पर 40 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 21 मकान आंशिक क्षति होने पर 84 हजार रुपए, आग से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 पशु कोठा आंशिक क्षति होने पर 6 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए, अतिवृष्टि से कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 हजार 500 रुपए, अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 28 हजार रुपए, अतिवृष्टि से एक मकान का दीवाल गिरने से मृत्यु होने पर 37 हजार 500 रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## आरआरएस के शताब्दी वर्ष पर अभियान

# घर-घर दस्तक दे रहे संघ स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत वृहद गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहास है। संघ के स्वयंसेवक घर-घर दस्तक दे रहे हैं।

इस दौरान संघ के सौ वर्षों के सफर की जानकारी सहित विभिन्न कार्यों एवं कार्य पद्धति की जानकारी लोगों को दी जा रही है। बीते दिनों अभियान अंतर्गत नगर के वार्ड दो और किलापारा में संपर्क किया गया, जिसमें खंड संघचालक दिग्विजय शांडिल्य, वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, अंजू त्रिपाठी, संतोष यादव, जीवन साहू, प्रेम गोस्वामी, खंड कार्यवाह भजनलाल साहू, राष्ट्र सेविका समिति की मिताली तथा अन्य पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों ने घर-घर दस्तक देकर संघ के स्थापना, आवश्यकता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कार्यों को विस्तार से बताते हुए राष्ट्र और समाज के सभी पंच परिवर्तन कार्य को आवश्यक बताते हुए सभी की सहभागिता का आव्हान किया।अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने भारत माता का चित्र, पत्रक एवं साहित्य का वितरण किया।



### चुनौती भरा संघ का सफर

गृह संपर्क अभियान के दौरान गोष्ठी में श्री गांधी ने कहा कि,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा। संघ का यह अनवरत प्रयास समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहा है। इस दौरान राजेन्द्र देवांगन, भोज साहू, हेमलाल साहू, ईश्वर साहू, तामेश्वर साहू, चमन वर्मा, राकेश देवांगन, प्रतीक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# उदयपुर में बाल मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ छात्राओं को प्रदान किया साइकिल

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर प्रांगण में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के तत्वावधान में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व संसदीय सचिव कोमल जघेल, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, जिपं सभापति ललित चोपड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, दिनेश वर्मा, नवनीत जैन एवं भावेश कोचर थे।

बाल मेला में विद्यार्थियों ने विविध स्टॉल लगाकर खाद्य सामग्री का विक्रय किया। अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने भरपूर आनंद लिया।



बच्चों ने आकर्षक रंगोली, रचनात्मक कलात्मक कृतियों तथा विज्ञान माडल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सरपंच रोशन माड़ले, अनिल विश्वकर्मा, जैनेंद्र जंघेल, रोशन चंद्राकर, पूरन जंघेल, अशोक मिश्रा, लखन सोनी, बलराम जंघेल, दुष्यंत जंघेल, कुसुम नेहरू जंघेल, प्रभारी प्राचार्य विजयारानी थवाईत, सीआर साहू, आत्माराम साहू, उभयराम साहू, सुरेश मिश्रा, अशोक साहू, गणेश सोनी, टेकराम साहू, ढालचंद भारती, एमएल जंघेल, तामेश्वर साहू, कंचन देशमुख, रेनु चौबे, अनुराधा सिंह, रजवंतीन साहू, माया ठाकुर, देवकी कैवर्त, झामेश्वरी ठाकुर, सत्यप्रकाश महिलकर, चिंताराम, रामगोपाल साहू, जितेंद्र साहू, दशरथ यदु, राजूसिंह ठाकुर, तेजराम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन चंद्रकांत साहू ने किया।

## खबर संक्षेप

### अविनाश का नवोदय विद्यालय में चयन



**गंडई पंडरिया।** प्रतिभा संसाधनों की नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और कठोर परिश्रम की मोहताज होती है। इस कथन को चरितार्थ करते हुए गंडई के समीपस्थ ग्राम नर्मदा के होनहार छात्र अविनाश मिश्रा ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। अविनाश का चयन देश के प्रतिष्ठित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। ग्राम नर्मदा निवासी कमलेश मिश्रा के पुत्र अविनाश पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा (सत्र 2025-26) में न केवल हिस्सा लिया, बल्कि 95 प्रतिशत उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की। चूंकि अविनाश शहरी क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर गंडई के छात्र हैं और सामान्य वर्ग से आते हैं, इसलिए नवोदय विद्यालय के नियमों के तहत उनके लिए आरक्षित सीटें बेहद सीमित थी। इसके बावजूद प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अविनाश वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर गंडई में अध्ययनरत थे। छात्र की इस सफलता पर प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर, आचार्य रमेश वर्मा, अशोक कांवरे, सुनील, ममता पटेल, किरण दीदी, अर्पणा मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सुभाष जैन, कालू राम जंघेल व पुलेन्द्र जंघेल, प्रेस क्लब गंडई के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बरती गई लापरवाही

# एसआईआर में लापरवाही, सहायक बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

## मतदान केन्द्र क्रमांक 36 ईटार का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाली सहायक बीएलओ को एसडीएम व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कारण बताओ नोटिस जारी किया।

वनाचंल क्षेत्र के गातापार जंगल भ्रमण के दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 36 इटार पूमाशा मे पदस्थ प्रभारी प्रपा व सहायक बीएलओ श्यामा बोरकर अपने उच्च अधिकारी को बगैर कोई सूचना के अनुपस्थित पाई गई। एसआईआर जैसे सवैधानिक और राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही को लेकर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया साथ ही उनकी अनुपस्थिति का संतोषजनक कारण नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश बीईओ नीलम सिंह राजपूत को दिया गया।

गौरतलब है कि देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य जोरो से चल रहा है। जिले में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में कार्य सुचारू ढंग से चल रहा है। कार्य प्रगति को लेकर निरंतर समीक्षा की जा रही है। वही इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कारवाई का निर्देश भी दिया गया है। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर का सर्च पोर्टल उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें सभी राज्यों की मतदाता सूचियों में नाम खोजा जा सकता है। इस सुविधा का लाभ उठाकर मतदाताओं के नाम अन्य राज्यों की सूचियों में भी खोजे जा सकते हैं। उन्होने सभी से इस महत्वपूर्ण काम मे सहयोग की अपील की है।



### माता-पिता, दादा-दादी से मिलान तो नहीं लगेगा दस्तावेज

गहन पुनरीक्षण दौरान वर्ष 25 में दर्ज मतदाताओं की जानकारी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जाएगा। इस दौरान मतदाता के स्वयं तथा उनके माता, पिता, दादा व दादी के नाम का मिलान 2003 की मतदाता सूची से हो जाता है, तो ऐसे मतदाताओं को किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम ऑनलाईन पोर्टल पर सर्च करने के लिए उपयोग कर सकते है। इसके अतिरिक्त हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1950 में संपर्क कर जानकारी किया जा सकता है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 दिसम्बर 25 को किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन में उन्ही मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएगे, जिनके गणना पत्रक बीएलओ या ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होंगे। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत प्रकाशित मतदाता सूची हेतु दावा आपत्ति 8 जनवरी 26 तक और उसके निराकरण उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 26 को किया जाएगा।

### तीन बार घर पहुचेंगे बीएलओ

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 की मतदाता सूची के आधार पर सभी मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया जा रहा है। यह गणना पत्रक सभी मतदाताओं को भरना अनिवार्य है। मतदाता हेल्पलाइन 1950 व हेल्पडेस्क की सहायता से मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा दी जा रही है। नगरीय क्षेत्र में शिविर का आयोजन कर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाया जा रहा है। गणना पत्रक को पूर्ण रूप से भरकर 4 दिसम्बर 25 के पूर्व बीएलओ के पास जमा करना होगा। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की सहायता की जा रही है। बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसंबर 25 के बीच प्रत्येक मतदाता के पास अधिकतम तीन बार गणना पत्रक लेने जाएंगे। गणना पत्रक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी भरा जा सकता है।

# राजधानी के राजीव भवन में कांग्रेस का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- एसआईआर को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

राजधानी के राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस द्वारा एसआईआर को लेकर आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले से विधायक यशोदा वर्मा के मार्गदर्शन में मनराखन देवांगन शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में उन्हें एसआईआर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया जहां उन्होंने संगठन सुदृढ़ीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कौशलों को सीखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण सत्र का संचालन पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निज सहायक विनोद वर्मा और शैलेश नितिन त्रिवेदी ने किया। दोनों प्रशिक्षकों ने बूथ प्रबंधन, संगठनात्मक दक्षता, मतदाता संलग्नता और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण दौरान यह स्पष्ट किया गया कि जिलों में बीएलए की भूमिका आने वाले समय में बेहद महत्वपूर्ण होगी इसलिए प्रत्येक बीएलए को अपने अपने बूथ मे आने वाले घरों में जाकर संपर्क अभियान चलाने और मतदाताओं को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही प्रत्येक घर परिवार तक पार्टी की नीतियां योजनाएं और उपलब्धियां पहुंचाने के लिए एक घर एक बीएलओ के सिद्धांत पर कार्य करने की रणनीति भी बनाई गई। मनराखन देवांगन ने बताया कि बहुत जल्द जिले स्तर पर सभी बीएलए को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे अपने-अपने बूथ में प्रभावी तरीके से काम कर सकें और संगठन को मजबूत बना सकें। राजीव भवन में पूरे दिन चले इस सत्र में प्रदेशभर से आए प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया औरचुनावी रणनीतियों की समझ ली।

### जिलाध्यक्ष ने जताई आपत्ति

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन द्वारा जारी लेटर में जिला संगठन के निर्देशन पर प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने की बात पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने गहरी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि मनराखन देंवागन सहित अन्य दो लोगों को संगठन के खिलाफ जाकर काम करने के कारण दो महीने पहले ब्लाक और फिर जिला संगठन द्वारा निष्कासन का प्रस्ताव पारित कर कारवाई के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी भेजा गया है। मनराखन देवांगन विधायक प्रतिनिधि के रूप में प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने गए थे। संगठन ने उन्हें नही भेजा था इसलिए गलत बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने की प्रवृत्ति मनराखन देवांगन को छोड़नी होगी। हालांकि मामले को लेकर मनराखन देवांगन का कहना था कि प्रदेश कमेटी से उन्हें फोन आया था जिसके कारण वो शिविर में शामिल होने राजधानी गए थे। इस बात में कितनी सत्यता है ये संगठन और विधायक जाने, लेकिन यह बात तो तय है कि संगठन और विधायक के बीच की दूरी लगातार बढ़ते जा रही है जो कांग्रेस के लिए शुभ संकेत नही है।

# समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पखवाड़े भर से जारी समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात कर हड़ताल छोड़ काम पर लौटने की जानकारी दी।

समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष यशवंत वर्मा के नेतृत्व में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात की, बैठक दौरान अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। गंभीरता से उनकी समस्या सुनने के बाद समाधान की दिशा में उच्च स्तर पर समुचित प्रयास करने विक्रांत सिंह के आश्वासन बाद उन्होंने मौके पर ही हड़ताल समाप्त करने और त्वरित रूप से अपने-अपने कार्यस्थल पर वापस लौटने का भरोसा दिया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दूरभाष पर कलेक्टर और सहकारिता विभाग के सहायक संचालक से कर्मचारियों के निर्णय के संबंध में बात की और उनकी समस्याओं के निदान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पहल करने कहा। समिति प्रबंधको की हड़ताल वापसी के ऐलान बाद 15 नवंबर से जारी धान खरीदी प्रक्रिया वापस पटरी पर लौट जाएगी।



# राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर का ढाबा में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई जिला केसीजी के तत्वावधान में नगर के नजदीकी ग्राम ढाबा के मुख्य चौक में 21 से 27 नवंबर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार 21 नवंबर को दोपहर 3 बजे शिविर का शुभारंभ सरपंच पम्मी हेमंत वर्मा, उप सरपंच पुखराज ठाकुर, चंदू धनकर जागेश्वर वर्मा तथा अन्य ग्रामीण की उपस्थिति में मां सरस्वती और विवेकानंद की प्रतिमा का माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

शिविर में सरपंच पम्मी वर्मा ने बताते हुए कहा कि महाविद्यालय की ओर से हमारे गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन का आज शुरुआत हुआ है। शिविर लगाने के लिए महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं को पूरा 7 दिनों तक अपनी नियमित सहयोग देने की बात कही है। इसी प्रकार कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डीपी कुर्रे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का काम गांव में समय बिताना नहीं होता बल्कि समाज से जुड़कर सामाजिक सेवा की भावना से अवगत कराना होता है। इस शिविर में नियमित दिनचर्या के बारे में शिविर के छात्राओं से जानकारी प्राप्त करना, गांव में क्या कमी है,और क्या अच्छा किया जा सके, राष्ट्रीय स्वयं सेवक दल गांव वालों को कैसे जागरूक कर सकते है, साथ ही सभी विद्यार्थियों को गांव में अनुशासन बनाए रखने की बात कही। शिविर के दौरान स्कूल परिसर की साफ सफाई, परिसर को पॉलिथीन मुक्त, आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास की साफ सफाई, समाज से जुड़कर सामाजिक सेवा की भावना से अवगत कराना, शिक्षा और स्वास्थ्य में जागरूकता साथ ही पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, नशा से होने वाले दुष्प्रभाव आदि विषयों को ज्यादा फोकस कर ग्रामीणों को अभिप्रेरित करना जैसे अनेक विषय पर अपनी सारगर्भित बाते रखी। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व छात्र रामावतार साहू ने किया। वही कार्यक्रम का आभार शिविर प्रभारी प्राध्यापक प्रदीप अमिला ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्राध्यापक पद्मिनी सिंहा, योगिता लहरे, आकाश देवांगन सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन की अच्छी उपस्थित रही।




# धरना प्रदर्शन केवल रावणभाठा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले में कानून-व्यवस्था, शांति, सुव्यवस्था बनाए रखने और शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक कार्यों में अनावश्यक व्यवधान रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के प्रावधानों के तहत आदेश पारित किया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो भी गया है।

जारी आदेश अनुसार अब जिले में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी, आमसभा अथवा विरोध कार्यक्रम केवल नपा परिषद खैरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ईतवारी बाजार वार्ड स्थित रावणभाठा मैदान में ही आयोजित किया जा सकेगा। किसी भी संगठन या व्यक्ति को कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष अनुमति के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुमति मिलने के बाद ही किसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा सकेगा।

### सार्वजनिक स्थलों पर धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित

इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री चंद्रवाल द्वारा कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला अदालत परिसर, अस्पताल, विद्यालय व महाविद्यालय, शासकीय कार्यालयों सहित सार्वजनिक उपयोग के स्थलों को धरना प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इन परिसरों के 100 मीटर परिधि में किसी भी प्रकार की सभा या प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत दंडनीय होगा। धरना प्रदर्शन सहित अन्य प्रकार के आयोजन दौरान आयोजकों को शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन करने, मार्ग अवरोध न करने तथा प्रशासन एवं पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी इसके उल्लंघन पर प्रशासन आवश्यक कार्रवाई करेगा।

# लोनिवि की टालमटोल पर राजनीतिक भूचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विधायक ने विस सचिवालय में दर्ज कराई शिकायत

जिले के कई विभागों में अफसरशाही और मनमाने रवैये की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अधिकारियों की उदासीनता और लीपापोती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार अब राजनीतिक हलकों मेंचर्चा का विषय बन गया है। विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे संसदीय विशेषाधिकार का खुला उल्लंघन बताते हुए विधानसभा सचिवालय को पत्र भेजकर विशेषाधिकार हनन का मामला पंजीबद्ध करने की मांग की है। विधायक वर्मा के अनुसार लोनिवि के कार्यपालन अभियंता को कई बार आधिकारिक पत्रों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने उनके द्वारा कहा गया लेकिन विभाग लगातार टालमटोल की नीति अपनाता रहा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 8 अप्रैल, 20 मई के बाद 10 नवंबर को स्मरण पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई लेकिन इतने पत्र मिलने के बाद भी अब तक मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। विधायक वर्मा ने लिखा कि विभाग की यह हरकत संसदीय परंपराओं का उल्लंघन है, जो जनप्रतिनिधि के विशेषाधिकार का हनन है।

### महानदी भवन से भी नहीं मिला जवाब

उन्होंने पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकरण की सूचना लोनिवि के सचिव महानदी भवन रायपुर को भी भेजी गई लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्रीमति वर्मा का कहना है कि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा मांगी गई वैधानिक जानकारी को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध न कराना अत्यंत गंभीर मामला है। यदि विधानसभा सचिवालय इसे विशेषाधिकार हनन मान लेता है तो संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई संभव है। मामले के सार्वजनिक होने के बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यह मुद्दा आगामी विधानसभा सत्र में भी मजबूती से उठ सकता है। अपने पत्र में विधायक वर्मा ने सचिवालय से विशेषाधिकार हनन का प्रकरण दर्ज कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आरएसएस का गृह संपर्क अभियान



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत तुलसीपुर बस्ती में तुलसीपुर क्षेत्र में संपर्क कर भारतमाता का चित्र, पत्रक वितरण एवं संघ साहित्य विक्रय किया गया। साथ ही तुलसीपुर में हो रही गोपाल शरण महाराज द्वारा भागवत ज्ञान यज्ञ कथा पंडाल में जनसमुदाय को संबोधित करते संघ कार्य को समर्थन देकर सहयोग हेतु आग्रह किया गया।

### खैरागढ़ महोत्सव के दूसरे दिन नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां

# राम की शक्ति पूजा और दूधमोंगरा ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में महोत्सव के दूसरे दिन राजा आर्यव्रत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम में पं हरीश तिवारी दिल्ली के शास्त्रीय गायन, पद्मभूषण पं बुधादित्य मुखर्जी कोलकाता के सितार वादन, व्योमेश शुक्ला और समूह दिल्ली के राम की शक्ति पूजा सहित डॉ पीसीलाल यादव के लोक सांस्कृतिक दल दूधमोंगरा की प्रस्तुति ने समां बांधे रखा।

संस्थापक परिवार के सदस्य मुख्य अतिथि राजा आर्यव्रत सिंह ने अपने पूर्वज राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह व रानी पद्मावती को याद करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ संगीत कला के विकास को लेकर उन्होंने अपना राजमहल दान कर दिया।

यहां अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को लगन व मेहनत से संगीत कला की शिक्षा लेने प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने राजमहल दान करने वाले राजा रानी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बताया कि किस तरह और किन प्रयत्नों से विवि आज एशिया महाद्वीप में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपना अलग छाप छोड़ता है। उन्होंने इस विवि को केंद्रीय पटल पर लाने जारी प्रयासों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में समाजसेवी मनीष पारख दुर्ग, अमित बरड़िया और हरीशचंद जैन राजनांदगांव उपस्थित थे। संगीत विवि मे सांगीतिक गतिविधियों को लेकर कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा द्वारा लगातार जारी नवाचार को देखते हुए आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के सदस्यों ने शॉल, श्रीफल व मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया।




### कार्यक्रम देखने देर रात तक उमड़ी भीड़

महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने देर रात तक दर्शकों की भीड़ लगी रही। विवि के संगीत संकाय के तंत्रीवाद्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सितार, सरोद और वायलिन की सामूहिक प्रस्तुति दी गई। अवनद्ध वाद्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा तबला वादन की बाद पं हरीश तिवारी दिल्ली के द्वारा शास्त्रीय गायन, प्रसिद्ध सितार वादक पद्मभूषण पं बुधादित्य मुखर्जी कोलकाता द्वारा सितार वादन की प्रस्तुति दी गई। व्योमेश शुक्ला व समूह दिल्ली द्वारा प्रसिद्ध नाटक राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति दी गई जिसमें राम व रावण के बीच होने वाले युद्ध को दर्शाया गया। अंत में लगभग 50 सालों से संचालित प्रदेश की संस्कृति व धरोहर को संरक्षित करने वाली डॉ पीसीलाल यादव गंडई की संस्था दूधमोंगरा की शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें कलाकारों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां ने देर रात तक लोगों को रोके रखा।

# डॉ. पीसी लाल यादव को ओंकारेश्वर के संगोष्ठी में मिला राष्ट्रीय सम्मान

**गंडई पंडरिया।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति परिषद, जनजातीय बोली विकास एवं कला अकादमी, भोपाल द्वारा तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में 15 से 17 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में गंडई के साहित्यकार और संस्कृति कर्मी डॉ. पीसी लाल यादव ने उत्कृष्ट व्याख्यान देकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय वंशावली और विरुदावलियां था, जिसमें देशभर के 60 से अधिक प्रख्यात विद्वानों और अध्येताओं ने भाग लिया। डॉ. यादव ने अपने शोधपूर्ण व्याख्यान में विरुदावली गायक चारण, हरबोले और वंशावलियों के संधारक भाट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि वंशावली भारतीय समाज का मौखिक इतिहास है और जिसका भाट नहीं उसकी जात नहीं। उन्होंने यदुवंश और निषाद जाति के भाटों का विशेष उल्लेख किया। अपने प्रस्तुति में, डॉ. यादव ने गंडई के पूर्व जमींदार स्वर्गीय लाल डोगेंद्र शाह खुसरो की वंशावली, उनके इतिहास और उनकी दानशीलता का राष्ट्रीय मंच पर बखान किया। पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किए गए उनके शोधपत्र की सभी विद्वानों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना की।

संगोष्ठी के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. यादव ने शोधकर्ताओं को अपने विषय के प्रति और अधिक गंभीर होने का आह्वान किया। संगोष्ठी के गौरवमयी समापन समारोह में अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे ने डॉ. पीसी लाल यादव को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री



मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

***जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान***

## पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## सार समाचार

### कैरियर अवसर कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** टाटा आइए के बैनर तले तेजल फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा युवाओं के लिए एक विशेष कैरियर अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को टाटा आईए के फ्रीलांसिंग कार्य संस्कृति और अंशकालिक आय के अवसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं को समझाया गया कि कैसे वे अपनी पढ़ाई या नौकरी के साथ-साथ एक हैंडसम साइड इनकम कमाते अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। इसके अलावा उनके करियर प्लानिंग, वित्तीय कौशल और भविष्य की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशुल मालू की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से युवाओं को प्रेरित किया।

### जंगलेसर-मोखला एनीकट का हुआ मरम्मत कार्य



**राजनांदगांव।** कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव ने बताया कि जंगलेसर-मोखला एनीकट का निर्माण वर्ष 2014 में पूर्ण हुआ है। एनीकट की लंबाई 210 मीटर है। अतिवृष्टि से आए बाढ़ के कारण एनीकट के कुछ जगह की ऊपरी परत उखड़ गई थी। जिसका गुणवत्तायुक्त मरम्मत कार्य किया गया है। जंगलेसर मोखला एनीकट व्यपवर्तन में तटबंध संरक्षण कार्य बजट वर्ष 2024-25 में सम्मिलित है। इस कार्य का डीपीआर राशि 494.19 लाख रुपए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है। जिसमें एनीकट के टॉप में फ्लोरिंग, स्लोप में जैकटिंग एवं डी/एस में प्रोटेक्शन कार्य शामिल है।

### विरेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से दिया जाए सम्मान



**राजनांदगांव।** चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र के संस्थापक एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों से मांग करते कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के संस्थापक राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से कला के क्षेत्र में राज्य स्तरीय सम्मान दिया जाए। श्री सिन्हा ने कहा कि खैरागढ़ रियासत के दानवीर राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कला साधकों, कलाविद, कला गुरुओं, कला संस्थानों (संगीत महाविद्यालयों), शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं ललित कलाओं के क्षेत्र में शिक्षण प्रशिक्षण देने वाले कलाकारों को छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा चक्रधर सम्मान के अतिरिक्त राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती के नाम से शास्त्रीय एवं ललित कलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रदान करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहल करने की आज आवश्यकता महसूस कला बिरादरी एवं बुद्धिजीवियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी ने अपनी पुत्री राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में संगीत एवं ललित कलाओं के शिक्षण संरक्षण, संवर्धन के लिए इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपना पैतृक राजमहल को वर्ष 1956 में दान कर दिया था।

### मोटर साइकिल रैली आज

**राजनांदगांव।** गुरु दी संगत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कल 22 नवंबर को दोपहर 3 बजे धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री तेग बहादुर आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ बने हुए हैं। उनकी शहादत को समर्पित स्कूटर एवं मोटर साइकिल रैली का आयोजन 22 नवंबर को किया जा रहा है। उक्त रैली श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः श्री गुरुद्वारा साहिब में रैली का समापन होगा। रैली को सफल बनाने के लिए मोहन सिंह ढल्ला के नेतृत्व में सोनू भाटिया, त्रिलोक सिंह निक्कू, रणदीप सिंह भाटिया, तरनदीप अरोरा, हरविंदर सिंह ढल्ला, सरताज सिंह, सतपाल सिंह कंजवानी, जसपाल वाधवानी, विक्की बग्गा, संदीप ढल्ला, अनमोल सिंह दस्सन, अमनदीप भाटिया, प्रिंस भाटिया, सिमरजोत सिंह, रौनक बग्गा, अमन सिंह आदि जुटे हुए हैं। रैली दोपहर लगभग 3 बजे संस्था के सीनियर सदस्य निक्की चावला, रघुवीर सिंह डबी, सुखबीर सिंह, छतरवीर सिंह भाटिया तथा राजवीर सिंह भट्टी के मार्गदर्शन में निकलेगी। जानकारी मीडिया प्रभारी रूबी गरचा ने दी।

### गौवंश के साथ अनैतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गौवंश के साथ अनैतिक कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 नवंबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 नवंबर को अज्ञात आरोपी द्वारा जूनीहटरी चौक राजनांदगांव में गौवंश के साथ अनैतिक कृत्य करने से आस्था को आहत पहुंचाया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ तत्काल थाना कोतवाली द्वारा धारा 299 बीएनएस, 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। सूचना के आधार पर अज्ञात आरोपी को शेख असलम 55 वर्ष निवासी सिवनी (मध्यप्रदेश) के रूप में ज्ञात कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया, जिसे 21 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे, आरक्षक प्रदीप जयसवाल और श्रीनिवास की सराहनीय भूमिका रही।

### स्पर्धा में कविश द्वितीय स्थान पर



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा पांचवीं के छात्र कविश शाह ने नासिक के अडगांव नाका डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पांचवीं पश्चिम विभागीय कराटे अजिंक्यपद स्पर्धा 2025 में कुमिटी इवेंट में सब जूनियर कैटेगरी से द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। वेस्टर्न इंडिया कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैम्पियनशिप में देश के सभी राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कविश की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी।

### सरोज कहार का निधन



**राजनांदगांव।** चिखली दीनदयाल कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय श्रीमती सरोज कहार का विगत दिनों निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। वे सेवानिवृत्त प्राचार्य अशोक कहार की पत्नी एवं सूर्य किरण कहार, पुष्पेन्द्र, सचिन और

---

व्याप्त कमियों के आधार पर अस्पताल को कारण बताओ नोटिस किया था जारी

# जय तुलसी अस्पताल में मिली खामियां 'आयुष्मान' से 6 माह के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर इलाके में स्थित जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पर छह महीने के लिए निलंबन की कार्रवाई की गई है। अस्पताल में जिला स्तर की टीम के निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली थी, जिसे सुधारने के लिए समय दिया गया था, लेकिन उसके बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया। जिसके चलते अस्पताल को अब अगले छह महीने के लिए आयुष्मान योजना से निलंबित कर दिया गया है।

राज्य शासन के निर्देश पर जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पंजीकृत निजी चिकित्सालयों का निरीक्षण कर राज्य नोडल एजेंसी को जांच प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है। प्राप्त निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य विभाग की गठित जांच टीम द्वारा जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान व्याप्त कमियों के आधार पर अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।




जिसके पश्चात अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को पत्र प्रेषित कर सभी कमियों को पूर्ण करा लेने एवं भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं होने हेतु आश्वस्त कराया गया था। स्वास्थ्य विभाग जांच टीम द्वारा पुनः जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान योजनांतर्गत प्राप्त कमियों के अतिरिक्त अन्य अनियमितता पाई गई।

#### निलंबन का आदेश जारी

जिला टीम द्वारा प्राप्त कमियों के आधार पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर पंजीयन 6 माह के लिए निलंबित किए जाने के संबंध में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। प्रदेश स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद नेवो-नाटाल केयर पैकेज अंतर्गत एनआईसीयू में किए गए चारों प्रकरण को निरस्त करते हुए अस्पताल का योजनांतर्गत पंजीयन आगामी 6 माह के लिए निलंबित किया गया है।

#### प्रचार सामग्री हटाने निर्देश

अस्पताल के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के साथ ही अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल में उपयोग की जाने वाली योजना संबंधी समस्त प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने एवं योजनांतर्गत नए क्लेम प्रकरण पंजीकृत नहीं करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

---

### एसआईआर के विस प्रभारी बने मुदलियार



**राजनांदगांव।** प्रदेश में जारी मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सर्वे के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार को राजनांदगांव विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। वे सर्वे के सफल क्रियान्वयन के लिए संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पीसीसी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू द्वारा यह सूची जारी की गई है। प्रभारी बनाए गए जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस मतदाता सूची में गड़बड़ियों को उजागर कर पहले ही इस प्रक्रिया को लेकर सचेत कर चुकी है।

विधानसभा में हमारा हर कार्यकर्ता इस प्रक्रिया पर निगरानी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में हड़बड़ी कर रहा है। व्यवस्थागत कई दिक्कतें सामने आ रही है।जिनसे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी समस्याओं से एपिक नंबर ढूंढने, पुरानी सूची में नाम ढूंढने में समस्याएं हो रही है।

## याद किए गए श्रीराम कृष्ण निर्वाणी

■ 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक सदस्य श्रीराम कृष्ण निर्वाणी की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि सभा में श्रीराम कृष्ण निर्वाणी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया और आरती की गई। उपस्थित लोगों ने भारतमाता की जयकारे लगाए और वंदे मातरम गीत गाया। श्रीराम कृष्ण निर्वाणी की पत्नी श्रीमती बसंत लता निर्वाणी ने



उनके जीवन के बारे में कहा कि उनके मन में देशभक्ति की भावना शुरू से ही थी। उन्होंने जयप्रकाश के आंदोलन में भाग लिया और जेल भी गए। राम मंदिर के विषय में उन्होंने ढांचा ढहाने के लिए अयोध्या भी गए। इस अवसर पर अनिल नागवंशी, आदर्श सिंह ठाकुर, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, अरुण भास्कर गुप्ता, देवकुमार निर्वाणी, ज्ञानेश गुप्ता, मनोज निर्वाणी, याददाश्त साहू और अन्य लोग उपस्थित थे। विभाग प्रचारक ने भी श्रीराम कृष्ण निर्वाणी को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों को याद किया।

## स्टेट बार काउंसिल चुनाव में प्रशांत की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्टेट बार काउंसिल के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने सम्मानजनक जीत हासिल की है। श्री तिवारी गुरुवार को निर्धारित मतों का कोटा पूर्ण कर निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वह लगातार दूसरी बार राज्य विधिज्ञ (अधिवक्ता) परिषद में चुने गए हैं। वे इससे पूर्व स्टेट बार काउंसिल के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।

राज्य विधिज्ञ (अधिवक्ता) परिषद के 25 सदस्यों के लिए गत 30 सितंबर को मतदान हुआ था और इसके लिए प्रदेशभर के 105 अधिवक्ता सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया था। मतगणना की प्रक्रिया 13 अक्टूबर को शुरू हुई, जो वर्तमान में भी जारी है। नियमानुसार निर्धारित कोटा प्राप्त करने वाले प्रत्याशी निर्वाचित घोषित किए जाते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से 13000 से ज्यादा अधिवक्ताओं ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। राजनांदगांव जिले से भी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी के अलावा तीन अन्य अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया था। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती के बाद जब द्वितीय मतों की गिनती चालू हुई, तब कम मत पाने वाला अधिवक्ताओं को दौड़ से बाहर किया जाने लगा, इसमें राजनांदगांव जिले के बाकी तीनों अधिवक्ता भी चुनावी दौड़ से बाहर हो गए। श्री तिवारी को राज्य के प्रत्येक जिले से लगातार वोट मिलते रहे और उन्होंने गुरुवार को निर्धारित वोट संख्या प्राप्त कर लिया और वे निर्वाचित घोषित किए गए।

श्री तिवारी के निर्वाचित घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। श्री तिवारी को बधाई देने का तांता लगना शुरू हो गया। चयनित घोषित होने के बाद श्री तिवारी ने जिला न्यायालय राजनांदगांव परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने मां शीतला मंदिर माता देवालय पहुंचकर माताजी की पूजा-अर्चना की। श्री तिवारी ने कहा कि उनकी जीत में सभी अधिवक्ताओं का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने सदैव खड़े रहेंगे।

## लैपटॉप चोरी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्कूल के आलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने निजी व शासकीय लैपटॉप की चोरी कर ली थी। पुलिस ने इस मामले की जांच करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी जालबांधा क्षेत्र अंतर्गत 8 अगस्त को प्रार्थी कपिल देव वर्मा 52 साल साकिन परसबोड हाल स्वामी आत्मानंद विद्यालय जालबांधा प्राचार्य द्वारा चौकी उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात चोर द्वारा शासकीय स्कूल के अंदर प्रवेश कर स्कूल के कमरे में रखे आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे शासकीय व निजी लैपटॉप कीमती 60900 रुपए को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी का पता तलाश कर आरोपी कालीचरण उर्फ देवराज 24 साल साकिन पवनतरा हाल सिकोला बस्ती मोहन नगर दुर्ग के खिलाफ पुलिस चौकी जालबांधा थाना खैरागढ़ में धारा 305(इ), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी कालीचरण उर्फ देवराज को 20 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उप जेल सालौनी भेजा गया।

## पोर्टल में एंट्री नहीं, किसान धान बेचने से वंचित!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लालबहादुर नगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत नवागांव और कोलिहापुरी के किसानों को एकीकृत पोर्टल में पूर्व वर्ष पंजीकृत कृषकों का कैरीफारवर्ड अपलोड नहीं होने से धान बिक्री करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कई किसानों का खसरा अन्या नवागांव एवं सीतागोटा में दिखाए जाने से किसानों को अपने धान की उपज बेचने में दिक्कत हो रही है। आज बड़ी संख्या में प्रभावित किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और समस्या का दो दिनों में हल नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी।

शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि नवागांव, कोलिहापुरी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सीतागोटा है। जिसके अधीनस्थ ग्राम नवागांव का पटवारी हल्का नंबर 19 है, लेकिन डेटाबेस के कारण कृषकों का संपूर्ण डाटाबेस एकीकृत किसान पोर्टल पर ग्राम अन्या नवागांव एवं सीतागोटा प्रदर्शित हो रहा है, जिस कारण भुईयां पोर्टल रिकार्ड में डाटाबेस का मिलान नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से कैरी फारवर्ड नहीं होने के कारण 151 किसानों को धान बिक्री हेतु टोकन काटने संबंधी समस्या उत्पन्न हो गई है।



#### कुछ का रकबा गायब!

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने बताया कि वर्तमान में कोलिहापुरी समिति लगभग 3 किलोमीटर में है, लेकिन पोर्टल में सीतागोटा और अन्या नवागांव दिखाए जाने से इसकी दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। जिससे किसानों को धान विक्रय में काफी समस्या हो रही। किसानों ने बताया कि पोर्टल में कुछ किसानों का खसरा, रकबा भी नहीं दिखा रहा है।

#### दो दिन का अल्टीमेटम

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे रेवाराम वर्मा, तेजूराम वर्मा, लेखन यादव, कोमल साहू सहित अन्य किसानों ने कहा कि इस समस्या को लेकर प्रशासन से बीते 28 अक्टूबर को शिकायत की जा चुकी है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो दिन के भीतर समस्या का निदान नहीं किया जाता है तो ग्रामवासियों द्वारा 24 नवंबर को उग्र आंदोलन करते नेशनल हाईवे में ग्राम कोलिहापुरी सोसायटी के पास चक्काजाम किया जाएगा।

## गृह संपर्क अभियान में पत्रक वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा नगर में बीते 10 दिनों से प्रत्येक बस्ती एवं घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मातृ शक्ति भी पीछे नहीं है।

राष्ट्र सेविका समिति से भी गृह संपर्क अभियान मातृशक्ति बहनें भी घर-घर जाकर अभियान में अपना दायित्व निभा रही है। भारत माता का चित्र एवं संघ की स्थापना व 100 वर्ष की संघर्षपूर्ण यात्रा और पांच परिवर्तन जैसे सामाजिक



विषयों को लेकर मातृशक्तियों द्वारा पत्रक वितरण एवं जनजागरण का कार्य किया गया।

संघ के शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य के विषय को जन-जन तक पहुंचाना एवं जन जागरण के कार्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक लगे हुए।

सर्वसुविधा जमीन (फार्महाउस) बिकाऊ है।
■ 31 एकड़ फार्म हाउस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 टिबेल ट्रासफार्मर राजमार्ग से 3 किलो. मी. की दूरी मेन रोड़ से लगा हुआ है। पीछे नदी सर्वसुविधायुक्त फार्महाउस कारखाना, फैक्ट्री, एवं विद्यालय, हॉस्पिटल, खेती एवं कृषि कार्य हेतु किमत मात्र 550000 लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा।
■ राजमार्ग से 1 कि. मी. मेन रोड़ से लगा हुआ 55 एकड़ फार्महाउस 50 लाख रू. का नवनिर्माण घर पीछे नदी 9 बोर, ट्रासफार्मर जमीन कि अंदर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्महाउस पता 75 लाख प्रति एकड़। अंधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला-बेमेतरा।
जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग, पंडित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सेतगंगा जिला- मुंगेली
मो.: 9238210014
निवेदनः- कृपया खरीददार व्यक्ति ही संपर्क करें। दलाल संपर्क ना करें। तुरंत रजिस्ट्री सामान्य ब्राम्हण

कांग्रेस ने शुरू की प्रक्रिया, आज से आवेदन की जांच

## प्रवक्ता चयन के लिए टैलेंट हंट अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता चयन के लिए टैलेंट हंट अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के राजनांदगांव जिला अजय गंगवानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि कांग्रेस प्रवक्ता बनने के लिए पार्टी की विचारधार से प्रभावित, निष्ठा और स्पष्ट सोच वाला कोई भी व्यक्ति क्यूआर कोड स्कैन कर फार्म भर सकता है। उन्होंने बताया कि हिंदी और अंग्रेजी भाषा में गूगल फॉर्म का एक लिंक जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर या लिंक क्लिक कर वे कांग्रेस प्रवक्ता चयन के लिए अपना आवेदन 20 नवम्बर तक भर सकते हैं । वहीं 21 से 25 नवंबर तक प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग की जाएगी और चयनित प्रतिभागियों का 25 से 30 नवंबर तक रीजनल फिजिकल इंटरव्यू लिया जाएगा। तत्पश्चात 01 से 05 दिसंबर तक फाइनल फिजिकल इंटरव्यू एवं पैनल डिस्कशन किया जाएगा।



#### प्रवक्ता बनने मापदंड

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि टैलेंट हंट के इस अभियान में कांग्रेस प्रवक्ता चयन का मापदंड कांग्रेस के मूल्यों के प्रति निष्ठा, स्पष्ट सोच, राजनैतिक जागरूकता, त्वरित प्रतिक्रिया, कांग्रेस और देश के इतिहास की विस्तृत जानकारी, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, समसामयिक विषयों में रूचि और ज्ञान, मजबूत भाषाई पकड़ तथा मीडिया फ्रेंडली होने वाले व्यक्ति का चयन होगा।

#### प्रखर वक्ताओं को जोड़ने प्रयास

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अजय गंगवानी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी में ऐसे युवाओं को कांग्रेस की प्रखर और मजबूत आवाज बनाकर जोड़ना हैं, जिनमे जोश, जुनून और देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने की कांग्रेस पार्टी की लड़ाई में महती और अहम भूमिका निभाने पूरी तरह तैयार हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अवसर पर कुलबीर सिंह छाबड़ा, भागवत साहू, कमलजीत सिंह पिंटू, रूपेश दुबे, श्रुति शुक्ला, मेहुल मारू, विकास त्रिपाठी, हेमा देशमुख, अमित चंद्रवंशी, अजय मार्कण्डेय, पंकज बांधव, झम्मन देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा, सूर्यकांत जैन, विजय राज, मानव देशमुख, नितिन बत्रा, बंटी यादव सहित अन्य उपस्थित थे ।



समस्या : थ्रेशर मशीन से मिंजाई होने से वातावरण दूषित व लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा गहरा प्रभाव

# मशीन से धान मिंजाई में उड़ रहे पैरा भूसा, आंखों को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसानों द्वारा धान फसल की कटाई व मिसाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। बताया जाता है कि धान फसल की मिसाई आधुनिक मशीन थ्रेसर से बिना बेरोक-टोक के थ्रेसर मशीन का उपयोग धान फसल की मिसाई के लिए गांव-गांव व गली मोहल्ले में जोरो से किया जा है।

जिससे धान फसल की पैरा के टुकड़े व पैरा-भूसा व धूल के गुब्बारे उठने से ग्रामीण रहवासियों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण गांव के वातावरण पूरे दूषित व लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदार शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा थ्रेशर मशीन मालिक संचालकों को समझाइश दिए जाने की अपील की गई ताकि गांव व गली-मोहल्ले तथा चौक चौराहे में स्वच्छ बना रहे एवं लोगों की सेहत पर प्रभाव ना पड़े।

## बिजली तार से जन, मन हानि की आशंका



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शहर व क्षेत्रों में धान फसल की मिसाई कार्य आधुनिक मशीन हार्वेस्टर व थ्रेशर से किया जा रहा है जिससे लोगो को समय व धन की बचत तो हो रही साथ ही साथ जनहानि की आशंका बनी हुई है। बताया जाता है कि धान मिसाई से पैरा की पलटे बिजली तार से होकर गुजरने से कभी भी बिजली तार टुटकर गिर सकती है या अप्रिय घटना को न्यौता दे रही है।

# शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना के लाभ से ग्रामीण वंचित

- लाखों रूपए की लागत राशि से निर्मित पानी टंकी बना शोपीस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना अंतर्गत घरों घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखो रूपए की लागत राशि से विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया। लेकिन विभागीय अधिकारियो व जिम्मेदार ठेकेदारों की भारी अनदेखी व उदासीनता का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा-धनेली में विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन वर्तमान स्थिति में पानी टंकी सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी हुई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना भष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सरकार द्वारा घरो घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशाल पानी टंकी तथा घरों घर नल कनेक्शन कराया गया लेकिन आज पर्यंत तक ग्रामीणों को नल जल योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदार ठेकेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा लाखों रुपए की लागत राशि से निर्मित विशाल पानी टंकी को जल्द से जल्द चालू कराए जाने की अपील की गई ताकि ग्रामीण रहवासियों को शासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ मिल सके।



# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो का भव्य शुभारंभ

## संपूर्ण भारत की कला, संस्कृति व हस्तशिल्प एक ही छत के नीचे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहरवासियों के लिए खरीददारी और घूमने का सुनहरा अवसर लेकर क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो का शुभारंभ गुरुवार शाम सरदार पटेल मैदान कवर्धा में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी तथा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आमजन, व्यापारी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थें।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि क्राफ्ट इंडिया एक्सपो में देश के अलग-अलग राज्यों का हस्तशिल्प, परिधान और पारंपरिक उत्पाद एक ही जगह मिलने से शहरवासियों को बेहतरीन विकल्प मिलते हैं। यह प्रदर्शनी स्थानीय बाजार को भी गति देती है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि ऐसे आयोजन से शहर को न सिर्फ व्यापारिक पहचान मिलती है, बल्कि परिवारों के लिए मनोरंजन और खरीददारी का बेहतर माहौल भी बनता है। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि इस तरह के मेलों में सभी राज्यों की वस्तुएं एक साथ मिलना अपने आप में खास उपलब्धि है।

एक्सपो के संचालक संदीप कुमार ने जानकारी दी कि प्रदर्शनी में संपूर्ण भारत से हजारों प्रकार की वस्तुएं लाई गई हैं। इनमें पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के परिधान, फैन्सी लेडीज सलवार-सूट, टॉप–स्कर्ट, बनारसी साड़ियां, कलकत्ता कॉटन व सिल्क साड़ियां, खादी ग्रामोद्योग उत्पाद, लकड़ी का फर्नीचर, लखनवी किचन सेट, ब्रास व मार्बल हैंडीक्राफ्ट, आधुनिक क्रॉकरी सहित अनेक आर्टिकल शामिल हैं। विभिन्न राज्यों की पारंपरिक झलक वाले स्टॉल लोगों को विशेष आकर्षित कर रहे हैं, जहां घरेलू सजावटी सामग्री से लेकर परिधान और उपहार वस्तुएं तक उपलब्ध हैं। ग्राहकों की सहूलियत के लिए खाने-पीने के स्टॉल और मनोरंजन के छोटे सेटअप भी लगाए गए हैं।

आयोजक मंडल ने शहरवासियों से अपील किया है कि प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक यह प्रदर्शनी आमजन के लिए खुली रहेगी। परिवार सहित पहुंचकर देश की विविध कला-संस्कृति का आनंद लें और अपने पसंदीदा उत्पादों की खरीददारी करें।

# पोलमी में रजत जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार का हुनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की रजत जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में रंगोली एवं सौर ऊर्जा आधारित एलईडी लाइट मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रेडा अधिकारी स्वराज यादव, क्रेडा सहायक अभियंता कृष्णा राव पात्रो द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं शिक्षकगण राकेश कुमार सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद्र ठाकुर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को दैनिक जीवन में बढ़ाने का संदेश दिया।

## किशुनगढ़ में निःशुल्क नेत्र मेगा जांच शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्रामीण समुदायों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से जन-कल्याण सामाजिक संस्थान एवं उदयाचल हॉस्पिटल राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र वसंत रूरल आई हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक के ग्राम किशुनगढ़ में निःशुल्क नेत्र मेगा जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय निवासियों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावी बनाया। शिविर में कुल 86 लाभार्थियों का विस्तृत नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 29 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु उदयाचल हॉस्पिटल राजनांदगांव में उपचार प्राप्त करने के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह पहल विशेष रूप से उन ग्रामीणों के लिए राहत प्रदान करने वाली है, जिनके लिए उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा तक पहुंचना कठिन होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं समुदायिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में देवलाल बंजारे, नेत्र सहायक अधिकारी सौरभ, आरएमए श्री चंद्रवशी, सीएचओं, कार्यकर्ता व मितानिन एवं जन-कल्याण सामाजिक संस्थान के समर्पित कार्यकर्ता जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र सुरक्षा, स्वास्थ्य जन-जागरूकता तथा निःशुल्क उपचार सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भविष्य में और भी नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# आरपीएस स्कूल में विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र प्रार्थना सभा में नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए। समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देशों एवं जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत गत दिनों 18 नवंबर को श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः प्रार्थना सभा में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्टॉफ के बीच नशा एवं नशीले पदार्थो से दूरी बनाने की शपथ दिलाई गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनता है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि वही नशे से दूर रहकर जन-जागरूकता फैलाएगी तो एक सुरक्षित, स्वस्थ और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है। इस शपथ ग्रहण के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के हर रूप का विरोध करने, स्वयं नशामुक्त रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जन जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नशा उन्मूलन के प्रति जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता विकसित करना था।

## तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

**हरिभूमि कोलेगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य में प्रारंभ किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार के निर्देशों पर नायब तहसीलदार नेहा ने पेण्ड्रीकला सर्कल के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के कार्य का सघन पर्यवेक्षण किया। इस दौरान सभी बीएलओ ने एक स्थान पर बैठकर अपने पास एकत्र गणना प्रपत्रों का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार नेहा ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्य है। उन्होंने सभी से पूर्ण मनोयोग से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। जिससे शुद्ध और पारदर्शी निर्वाचन नामावली के निर्माण में सहयोग मिल सके। वहीं पेण्ड्रीकला सर्कल अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर ने बताया कि दोपहर 1 बजे तक सभी बीएलओ ने एक जगह बैठकर अपने पास एकत्र सभी गणना प्रपत्रों को भरकर अपलोड करते है। इस अवसर पर बीएलओं बिन्दा बंजारे संतोषी चंद्राकर, सुलोचना चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रामप्रसाद सिंगरौल, मनीषा डाहिरे रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सपंन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के तत्वाधान पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में सप्त शक्ति संगम (मातृ सम्मेलन) का आयोजन गत दिनों 19 नवम्बर को आयोजित किया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा भारतीय संस्कृति के विद्या अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती ब्रह्म स्वरूप ओम एवं जगत जननी भारत माता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात विद्यालय की बहनों ने हम ही मातृशक्ति है इस गीत को गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान की मंत्री श्रीमती राजश्री वैद्य ने अपने वक्तव्य में उपस्थित माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय दृष्टिकोण में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक, समरसता, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य एवं नारी शक्ति के विषय में प्रकाश डालते हुए पारिवारिक मूल्य और संबंधो को मजबूत करना सबका कर्तव्य है, ताकि विश्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना जागृत हो सके। उन्होंने मीराबाई, जीजामाता, अहिल्या बाई, भगिनी निवेदिता, लक्ष्मीबाई जैसे वीरांगनाओं का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति के त्याग, पराक्रम और राष्ट्र भक्ति का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेखा पाण्डेय, संतोष पाण्डेय सांसद की धर्म पत्नी ने माताओं की जीवन शैली में परिवर्तन लाने की बात कही। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती कामती सिंह परिहार प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय स.लोहारा, श्रीमती ममता चन्द्रवंशी, श्रीमती दीपान्विता जैन, श्रीमती मधु चन्द्रवंशी, सुश्री नेहा ठाकुर उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संयोजिका डॉ संगीता जैन, अध्यक्ष श्री संत कबीर शिक्षण समिति सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा ने समस्त अतिथियों को श्रीफल और मोमेंटो भेटकर सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की 13 बहनों के द्वारा वीरांगना के वेष में वीरांगनाओं के अनमोल वाणी प्रस्तुत किए। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में 631 की संख्या में कवर्धा नगर की माताएं व बहनें उपस्थित थें। विद्यालय के संचालक हरीश लूनिया के कुशल मार्ग दर्शन में सप्तशक्ति संगम का आयोजन सफल रहा। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश श्रीवास्तव ने दी।

## अपार आईडी प्रगति, आरटीई मेंटर्स के दायित्व एवं अर्धवार्षिक परीक्षा रणनीति पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन, बेहतर परीक्षा परिणाम तथा शिक्षा संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा के सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा द्वारा की गई। बैठक में डाइट, डीएमसी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक एवं जिले के समस्त प्राचार्यगण उपस्थित थें।

## धान खरीदी में डिजिटल क्रांति, किसानों ने 80 प्रतिशत से अधिक टोकन ऑनलाइन कटवाए

# खरीदी 1 लाख क्विंटल के पार, किसानों को 26 करोड़ से अधिक का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धान खरीदी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से लागू की गई टोकन तूंहर हाथ योजना किसानों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरी है। इस डिजिटल व्यवस्था ने किसानों को समितियों में लंबी कतारों और बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्त कर दिया है। अब किसान घर बैठे, अपनी सुविधा अनुसार ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर आसानी से धान बेचने पहुंच रहे हैं।

15 नवंबर से शुरू हुई खरीदी के दौरान अब तक कुल 3639 किसानों ने धान बेचने हेतु टोकन कटवाए, जिनमें से 2964 टोकन यानि लगभग 81 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए गए। इससे किसानों को समिति में जाकर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उनके समय, मेहनत और परिवहन खर्च की बचत हो रही है। नियत तारीख का टोकन मिलने से सीधे समिति पहुंचकर धान बेचने की सुविधा मिलने से किसानों को सहूलियत है। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जितने टोकन कटे है उतने ही किसानों के आने के कारण भीड़ कम होने से व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से न केवल किसान लाभान्वित हुए हैं बल्कि खरीदी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो गई है।



कबीरधाम जिले में इस वर्ष धान खरीदी को लेकर किसानों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 15 नवंबर से अब तक जिले में 1,12,305 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदी के साथ-साथ भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। अब तक किसानों के खातों में 26 करोड़ 66 लाख रुपए का भुगतान हस्तांतरित किया जा चुका है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों में धान खरीदी व्यवस्थाओं को लेकर भरोसा मजबूत किया है।

## खबर संक्षेप

### नवोदय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाखुर्द में साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर सेल कवर्धा के एएसआई चंद्रकांत तिवारी एवं उनकी विभागीय टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला के दौरान एएसआई श्री तिवारी ने कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, फेक प्रोफाइल, पासवर्ड सुरक्षा, डिजिटल ट्रैप, सोशल मीडिया से जुड़े जोखिमों एवं साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने की भी समझाइश दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का एएसआई श्री तिवारी ने सरल और प्रभावी ढंग से उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया।

### स्वैच्छिक संगठनों को किया जाएगा सम्मानित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वैच्छिक संगठनों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय निर्णायक मंडल द्वारा पात्र व्यक्तियों, संगठनों के कार्यों का परीक्षण एवं अनुशंसा की जाएगी। इसके उपरांत जिला प्रशासन द्वारा उनके कार्यों का सत्यापन कर निर्धारित समयावधि के भीतर अपनी अनुशंसा सहित प्रस्ताव संचालक, खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाएगा।

### बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

**बोड़ला।** बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर नगर पंचायत बोड़ला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों को बाल सुरक्षा एवं नवीन कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**लापरवाही:** सुरक्षित आवागमन के प्रति सतर्कता व जागरूकता की जरूरत

# असुरक्षित ढंग से सड़कों पर दौड़ रही गन्ना ट्रैक्टर ट्राली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में संचालित दो सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों के अलावा सैकड़ों की संख्या में गांव-गांव में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में इस समय गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो चुका है। ऐसे में गन्ना उत्पादक किसानों ने भी अपनी गन्ना फसल का परिवहन इन कारखानों और गुड़ फैक्ट्रियों तक लाने के लिए शुरूकर दिया। जिसके लिए लगभग सभी किसान ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते हैं। लेकिन किसानो में जागरूकता की कमी और परिवहन विभाग के साथ पुलिस व जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते जिले की सड़कों में गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को असुरक्षित ढंग से दौड़ाया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं की आशंका बढ़ गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि एक तो जिले के ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल सड़कें उस पर ट्रैक्टर ट्राली में क्षमता से अधिक लोडिंग और फिर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे न तो ब्रेक लाईट और न ही रेडियम पट्टी, निश्चित रूप से सड़क दुर्घटना को न्यौता देने जैसा प्रतीत हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है की संबंधित विभाग इस गंभीर विषय को लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### रात के अंधेरे में नजर नहीं आती ट्रैक्टर ट्राली



यहां बताना लाजिमी होगा की गन्ना पेराई के इस सीजन में किसानो द्वारा चौबिसों घंटे ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना परिवहन का कार्य किया जाता है। आलम ये है कि जिले से गुजरने वाले नेशनल हाई में कवर्धा से लेकर चिल्फी और राजकीय मार्ग पोंड़ी से लेकर पंडरिया ब्लाक के अंतिम छोर तक के अलावा जिले के अंदरूनी और ग्रामीण क्षेत्रों में चौबिसों घंटे दिन और रात गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ रही है। जिन्हें विशेषकर रात के समय ब्रेक लाईट तथा रेडियम पट्टी के अभाव में पीछे से देख पाना काफी मुश्किल होता है जिसके कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

### कई हादसे आ चुके हैं सामने

बीते वर्षो के आंकड़ों का देखा जाए तो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गन्ना पेराई सीजन के दौरान कई सड़क हादसे सामने आ चुके हैं और इन दुर्घटनाओं में अधिकांश दुर्घटनाओं में पीछे से आ रहे वाहन ही सामने जा रही गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टकराई है। माना जा रहा है कि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए संबंधित विभागों को जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही ट्रैक्टर ट्राली में उचित स्थानो पर रेडियम पट्टी लगाना अनिवार्य करना चाहिए। ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

- राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह से निराकृत किए जाएंगे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है।

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही लीगल एड मोबाईल वाहन के माध्यम से विभिन्न दूरस्थ ग्रामों में उक्त नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थत 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण-पोषण धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विघुत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए रखा जाना है।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# अपार आईडी प्रगति को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

## जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन, बेहतर परीक्षा परिणाम तथा शिक्षा संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा के सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा द्वारा की गई। बैठक में डाइट, डीएमसी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक एवं जिले के समस्त प्राचार्यगण उपस्थित रहे। सहायक संचालक डीजी पात्रा द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अपार आईडी एवं यू-डाइस पोर्टल की विद्यालयवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए संकुल प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। एमआईएस प्रशासक सतीश यदु द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत अलाभित एवं वंचित वर्ग के बच्चों के ड्रॉपआउट रेट में कमी लाने हेतु जिला स्तर से नियुक्त मेंटर्स के दायित्वों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने मेंटर्स को निजी विद्यालयों में जाकर बच्चों को सतत शैक्षणिक सहयोग एवं मानसिक संबल देने पर बल दिया। साथ ही सीजी पोर्टल अंतर्गत एचआरएमआईएस प्रणाली में ऑनलाइन अवकाश प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर भी चर्चा की गई।

# बायसर का शिकार मामले में रेंजर को नोटिस

- मामले में विभागीय जांच व कार्यवाही अब भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव अभयारण्य अंतर्गत चिल्फी वन परिक्षेत्र अंतर्गत बहनाखोदरा जंगल के बीट क्रमांक 333 में दो बायसन का अवैध शिकार मामले में अब विभाग ने आरोपियों की धरपकड़ के बाद लापरवाही अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी कार्यवाही का मन बनाया है। मामले में लापरवाही पाए जाने पर चिल्फी के वन परिक्षेत्र अधिकारी लाल सिंह मरकाम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वन मंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मोबाइल टॉवर लोकेशन सहित तकनीकी जांच के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चिल्फी रेंजर लाल सिंह मरकाम को नोटिस जारी किया गया है। विभागीय कार्रवाई जारी है और उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ -333 बहनाखोदरा में कुछ दिन पूर्व शिकारियों द्वारा करंट जाल लगाकर किए गए वन्य प्राणी बायसन के शिकार मामले वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16) क, ख, धारा 30, 32, 39, 44(ख) सहपठित धारा 2, धारा 20, 50, 51 तथा लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20771/12 पंजीबद्ध कर आरोपी अन्तू पिता गौतर बैगा, सखुराम पिता रामासिंह बैगा, सोनेलाल पिता सुखराम बैगा, कमलेश पिता चमरू यादव तथा इन्दर पिता शतुर बैगा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करवा दिया है। विभाग से पर्यावरण एवं वन्यप्राणी प्रेमियों द्वारा उम्मीद की जा रही है कि विभाग इस मामले में लापरवाही व दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करे।

# जिले के दलदली ग्राम में नशा मुक्ति का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुर्गम भौगोलिक चुनौतियों और दूरस्थता को दरकिनार करते हुए कबीरधाम जिले के दलदली ग्राम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सराहनीय पहल की गई। विशेष रूप से पिछरूशी जनजाति बैगा आदिवासी बहुल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित नशा मुक्ति शपथ ग्रहण ने संदेश दिया कि सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प किसी भी दूरी या दुर्गमता से बढ़ा है। दलदली क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए समाज कल्याण विभाग और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर इस कार्यक्रम को जन-जागरण का महाअभियान बना दिया। इस विशेष प्रयास का मुख्य लक्ष्य यहां के युवाओं और विद्यार्थियों को नशे की भयावहता से बचाकर, उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोडन्ना था। अभियान के वालेंटियर चंद्रकांत यादव ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस शपथ के माध्यम से सबने न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी इस अभिशाप से मुक्त करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग की साझेदारी उल्लेखनीय रही। समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम के मार्गदर्शन में जिलेभर में यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन चुका है। दलदली का यह कार्यक्रम सिद्ध करता है कि दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी जन-जागरूकता, परामर्श, और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यह शपथ केवल एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि यह बैगा समुदाय के लिए स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त भविष्य की नींव है। जिला प्रशासन ने संकल्प लिया है कि नशा मुक्त भारत के इस पवित्र उद्देश्य को जिले के हर कोने तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी, महिला आरक्षक श्रीमती सुभद्रा मरकाम, प्राचार्य , प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दलदली आदि उपस्थित थे।

# 35 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पांडातराई द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में देशी प्लेन शराब और शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में पाण्डातराई थाना पुलिस को गत गुरूवार को मुखबिर से प्राप्त हुई थी कि ग्राम सोढ़ा में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी दिपेश कुमार पिता लालजी कुर्रे, आयु 22 वर्ष, निवासी ग्राम रूसेकापा थाना पाण्डातराई, को अवैध शराब बिक्री करते दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के पास से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बीव्हाई 2891 के टैंक में बोरी के भीतर रखी 35 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत लगभग 2800 रुपए जप्त की है। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत लगभग 40,000 रुपए के साथ कुल 42,800 रुपए की जप्ती की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय में पेश करने के उपरांत जेल भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक जावेद खान, आरक्षक शिवाकांत शर्मा एवं आरक्षक पुरुषोत्तम वर्मा का विशेष योगदान रहा।

सर्वसुविधा जमीन (फार्महाउस) बिकाऊ है।
- 31 एकड़ फार्म हाऊस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 टिबेल ट्रासफार्मर राजमार्ग से 3 किलो. मी. की दूरी मेन रोड़ से लगा हुआ है। पीछे नदी सर्वसुविधायुक्त फार्महाउस कारखाना, फैक्ट्री, एवं विद्यालय, हॉस्पिटल, खेती एवं कृषि कार्य हेतु किमत मात्र 550000 लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा।
- राजमार्ग से 1 कि. मी. मेन रोड़ से लगा हुआ 55 एकड़ फार्महाउस 50 लाख रू. का नवनिर्माण घर पीछे नदी 9 बोर, ट्रासफार्मर जमीन कि अंदर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्महाउस पता 75 लाख प्रति एकड़। अंधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला-बेमेतरा।
जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग, पंडित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सेतगंगा जिला- मुंगेली
मो.: 9238210014
निवेदन:- कृपया खरीददार व्यक्ति ही संपर्क करें। दलाल संपर्क ना करें। तुरंत रजिस्ट्री सामान्य ब्राम्हण

## जिला जेल में कैदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में हेपेटाइटिस के संक्रमण से बचाव एवं जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला जेल कवर्धा में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसे गंभीर बीमारी को रोके जा सकने वाले संक्रमण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि जांच में पॉजिटिव पाए गए कैदियों के सैंपल वायरल लोड जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट के आधार पर उनका उपचार पूर्ण किया जाएगा। वहीं निगेटिव पाए गए कैदियों का हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तुर्रे ने बताया कि हेपेटाइटिस एक ऐसा संक्रमण है जो दूषित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित गर्भवती महिला से नवजात शिशु तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस के शुरुआती लक्षणों में बुखार, भूख की कमी, थकान, जोड़ों में दर्द, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब और पैरों में सूजन जैसी समस्याएं शामिल हैं। शिविर के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनामिका पटेल ने बताया कि स्वच्छता, संतुलित भोजन और सुरक्षित आदतें अपनाकर हेपेटाइटिस से बचा जा सकता है। उन्होंने कैदियों से अपील की कि दूषित भोजन और पानी का सेवन न करें, खुले में शौच के लिए न जाएं, इंजेक्शन या रेजर ब्लेड का दोबारा उपयोग न करें और किसी अन्य व्यक्ति के ब्रश, नेल कटर या रेजर जैसी वस्तुएं साझा न करें। नोडल अधिकारी डॉ. पटेल ने कहा कि हेपेटाइटिस से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है। 0-1 वर्ष के सभी बच्चों को हेपेटाइटिस बी का टीका अवश्य लगवाया जाना चाहिए। वहीं गर्भवती महिलाओं को भी जांच और आवश्यकतानुसार टीकाकरण करवाना चाहिए ताकि नवजात को संक्रमण से बचाया जा सके।

**प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शासन-प्रशासन पर लगाए कई आरोप**

# जोगी कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले की प्रशासनिक अव्यवस्था, भूमि-अधिग्रहण विवादों और जनसमस्याओं को लेकर गत गुरूवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने एक दिवसीय कवर्धा प्रवास के दौरान सरकार पर तीखे प्रहार किए। अमित जोगी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दलदली क्षेत्र की करोड़ों की बॉक्साइट खदानों को बिना अनुभव वाली सीएमडीसी को सौंप रही है, जबकि वास्तविक उद्देश्य अडाणी को एमडीओ बनाकर पीछे के दरवाजे से खनन सुविधाएं देना है। उन्होंने कहा कि सरकार दो बड़ी कानूनी व सामाजिक बाधाओं को अनदेखा कर रही है। दलदली क्षेत्र बैगा जनजाति का निवास क्षेत्र है, जिन्हें देश की राष्ट्रपति ने दत्तक संतान का दर्जा दिया है। पेसा कानून का उल्लंघन करते हुए ग्रामसभा की अनुमति के बिना खदान लीज दी गई है। अमित जोगी ने सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है लीज निरस्त करो, भूमि अधिग्रहण रोको, नहीं तो किसी अधिकारी को गांव में कदम नहीं रखने दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होने धान खरीदी व कृषि समस्याएं, भूमि अधिग्रहण व बॉक्साइट खनन विवाद, बिजली बिल व स्मार्ट मीटर, छात्रावास/आश्रम व पेयजल संकट, स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पद, कानून-व्यवस्था, जल जीवन मिशन में अनियमितता, विभागीय निर्माण कार्यों की खराब गुणवत्ता, लंबित भू-अधिग्रहण एवं मुआवजा तथा गौवंश संरक्षण की मांग को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिले के 1.14 लाख किसानों को राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किस्त किसानों के लिए जारी की गई। कबीरधाम जिले में 1 लाख 14 हजार किसानों के खातों में कुल 22.81 करोड़ रुपए की राशि सफलतापूर्वक हस्तांतरित हुई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत के सभापति रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ उप संचालक कृषि, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री भट्ट ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को किसानों की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411